# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**दिनांक 19.02.2024 (सोमवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की बैठक संख्या 10/2024 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः–**

बैठक में सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ व डॉ0 ब्रज किशोर त्रिपाठी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी ने वर्चुअल माध्यम तथा शेष सभी सदस्यों ने भौतिक रूप से प्रतिभाग किया। उपस्थिति निम्नवत् है–

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 नन्दलाल चौरसिया | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | प्रो0 संतोष कुमार सिंह | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | डॉ0 ब्रज किशोर त्रिपाठी | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 7. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | श्री विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक–2864/कु0का0/2024, दिनांक 05.02.2024) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
# आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**मद सं0 1–** दिनांक 18.11.2023 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक दिनांक 18.11.2023 के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 07.02.2024 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा प्रवेश समिति के कार्यवृत्त दिनांक 07.02.2024 का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 3–** दिनांक 12.02.2024 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–3)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा परीक्षा समिति के कार्यवृत्त दिनांक 12.02.2024 का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 4–** बजट संशोधन, मा0 कुलपति, वित्त अधिकारी तथा कुलसचिव हेतु वाहन क्रय, पी–एच.डी. पाठ्यक्रम हेतु शुल्क निर्धारण एवं अन्य मदों के सम्बन्ध में दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** विश्वविद्यालय बजट संशोधन, उपरोक्त अधिकारियों के वाहन क्रय तथा अन्य मदों के सम्बन्ध में वित्त समिति की बैठक दिनांक 13.02.2024 के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 5–** माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति द्वारा निर्मित नवस्थापित महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की प्रथम परिनियमावली एवं अन्य मदों के सम्बन्ध में आयोजित होने वाली विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 15.02.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार **(परिशिष्ट–5)**।

**संकल्प–** विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 15.02.2024 के कार्यवृत्त को कार्य परिषद द्वारा अवलोकन कर सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 6–** सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में स्थायी एवं अस्थायी सम्बद्धता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में सम्बद्धता समिति की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान करने पर विचार।

सूच्य है कि सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 09.01.2024 के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले महाविद्यालयों की सूची तथा नये महाविद्यालयों/नये पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ अनापत्ति निर्गत किये जाने सम्बन्धी उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या 3050/सत्तर–2–2023–16(11)/2017 टी.सी. दिनांक 15 सितम्बर 2023 के अनुक्रम में मा0 कुलपति जी अध्यक्षता में सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 29.01.2024 में लिए गए निर्णयानुसार – 22 महाविद्यालयों को स्थायी सम्बद्धता, 12 महाविद्यालयों को अस्थायी सम्बद्धता की संस्तुति की गई तथा 07 महाविद्यालयों के प्रकरण लम्बित रखे जाने की संस्तुति की गई। सम्बद्धता समिति के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–6)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 09.01.2024 व 29.01.2024 की संस्तुतियों को अंकित व अनुमोदित किया गया। कार्य परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बद्धता पत्र एक सप्ताह के अन्तर्गत निर्गत कर दिए जाए तथा 12 नवीन महाविद्यालय/नवीन पाठ्यक्रमों को अनापत्ति पत्र ऑफलाइन निर्गत करने एवं साथ ही जिन 07 महाविद्यालयों के प्रकरण लम्बित हैं, उन महाविद्यालयों में पाई गई कमियों का उल्लेख करते हुए पत्र के माध्यम से सूचित करने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 7–** शासन द्वारा स्वीकृत 17 शैक्षणिक विभागों/विषयों हेतु शैक्षणिक पदों के विज्ञापन पर विचार विमर्श।

सूच्य है कि विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 से उक्त 17 शैक्षणिक विभागों/विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन किया गया है। उक्त विभागों/विषयों में प्रत्येक विभाग में प्रोफेसर 01, एसोसिएट प्रोफेसर 01 तथा असिस्टेंट प्रोफेसर 01; कुल मिलाकर 17 विभागों के लिए 17 प्रोफेसर, 17 एसोसिएट प्रोफेसर तथा 17 असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती करने हेतु उ0प्र0 शासन, उच्च

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

शिक्षा अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या– 1563/सत्तर–4–2023–4(14)/2019, दिनांक 25 अगस्त, 2023 के द्वारा उक्त सृजित शैक्षिक पदों को भरे जाने/भर्ती किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। शासन के पत्र की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–7)**।

उक्त शैक्षिक पदों को भरे जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक– 2879/कु0का0/2024, दिनांक 08.02.2024 द्वारा गठित समिति द्वारा तैयार किये गये आरक्षण रोस्टर एवं विज्ञापन पर विचार **(परिशिष्ट–8)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उक्त शैक्षणिक पदों पर भर्ती हेतु नियमानुसार विज्ञापन जारी किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 8–** मा0 कुलपति जी के आवास, पुरूष छात्रावास एवं महिला छात्रावास की चारदीवारी के निर्माण के सम्बन्ध में विचार।

सूच्य है कि विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों में कुलपति आवास, पुरूष छात्रावास तथा महिला छात्रावास की चारदीवारी निर्माण का प्राविधान नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त चारदीवारी निर्माण कार्य कराने हेतु अपने पत्र संख्या– 2357/कु0का0/2023 दिनांक 19.10.2023 द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिस पर शासन स्तर से निर्णय अभी अप्राप्त है। जबकि सुरक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टि से उपरोक्त तीनों भवनों की चारदीवारी किया जाना अति आवश्यक है। प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है **(परिशिष्ट–9)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद ने मा0 कुलपति जी के आवास, पुरूष छात्रावास एवं महिला छात्रावास की चारदीवारी निर्माण हेतु तथा विश्वविद्यालय परिसर की चारदीवारी की ऊँचाई 5 फुट से 8 फुट किए जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा शासन को प्रेषित पत्र दिनांक 19.10.2023 का समुचित संज्ञान लिया तथा इस वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा धनराशि प्राप्त न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय स्वयं के स्रोतों/बजट से उक्त निर्माण कार्य (तीनों भवनों की 8 फुट ऊँची चारदीवारी तथा चारदीवारी पर 75 सेमी0 ऊँचाई तक कटीले तार तथा विश्वविद्यालय परिसर की चारदीवारी को 8 फुट ऊँचा

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


किये जाने व उस पर 75 सेमी0 ऊँचाई तक कटीले तार लगाए जाने) पूर्ण कराये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

**मा0 कुलपति जी की अनुमति से अन्य बिन्दु–**

**बिन्दु सं0 1–** कार्य परिषद की बैठक में कुछ सदस्यों द्वारा संज्ञान में लाया गया कि विश्वविद्यालय में शोध अध्यादेश में कुछ संशोधन की आवश्यकता है। जिस हेतु कार्य परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा वांछित संशोधन हेतु एक समिति का गठन किए जाने के लिए मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(विशेश्वर प्रसाद)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद

कुलसचिव / मा० कुलपति जी,
कृपया अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।
Vipin
27.02.24
27.02.24
27.02.24